हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]


तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 15 डिग्री


11 कुरूद का विकास ऐसा होगा कि लोग सिर्फ चाय ...





12 प्रीमियम जमा करने के बाद भी नहीं हुआ फसल बीमा




## खबर संक्षेप

### कांग्रेस आज करेगी कलेक्ट्रेट का घेराव

**धमतरी।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा कानून को कमजोर करने के विरोध में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत एवं धान खरीदी में किसानों को हो रही समस्याओं एवं शत-प्रतिशत धान खरीदी की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया जाएगा। जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं, किसानों और मजदूरों से उपस्थिति की अपील की है।

### करेली छोटी में मानसगान का समापन 8 को

**मगरलोड।** ग्राम करेली छोटी में ग्रामवासियों के सहयोग से मानसगान महोत्सव का आयोजन 5 फरवरी को राजू भगत के मंत्रोच्चारण के साथ शुरू हो गया है। मानसगान महोत्सव में अंचल की ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियां अपनी मनमोहक प्रस्तुति दे रही हैं। समापन 8 फरवरी रविवार को होगा।

### पुरी में मानसगान 13 से

**धमतरी।** ग्राम पुरी में 13 एवं 14 फरवरी को मानसगान प्रतियोगिता रखी गई है। इसमें 15 मंडलियां भाग लेंगी। इसी क्रम में 15 फरवरी रविवार को महाशिवरात्रि का आयोजन किया गया है। रात्रि में संगी जहुरिया छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी बिलाईडबरी बलौदाबाजार की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी मंदिर समिति के अध्यक्ष भीमराज साहू ने दी है।

### कार ड्राइविंग प्रशिक्षण के लिए आवेदन 12 तक

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आरसेटी) धमतरी द्वारा एलएमवी (कार ड्राइविंग) प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रायोजित है, जिसके लिए इच्छुक आवेदक 12 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्र के युवक एवं युवतियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### रामपुर में मानसगान सम्मलेन आज से

**धमतरी।** ग्राम रामपुर (मानस शक्ति केंद्र कोर्रा) में 6 से 8 फरवरी तक राज्यस्तरीय मानसगान सम्मलेन का आयोजन रखा गया है। प्रथम दिवस के अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद एवं द्वितीय दिवस की अतिथि तारिणी नीलम चंद्राकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होंगी। समापन अवसर के अतिथि दीपक सिंह ठाकुर हिन्दू जागरण मंच प्रांत युवा प्रमुख होंगे। आयोजन की तैयारी में नेहरू राम साहू, रमेश निषाद, मोतीलाल साहू, तरुण निषाद, ईश्वर साहू समेत ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 को

**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 8 फरवरी को दोपहर दो बजे से कर्मचारी भवन (तहसील कार्यालय के पास) धमतरी में आयोजित की गई है। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत, संघ के सदस्यों का जन्मदिन, संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जायेगी। संघ के सदस्यों से उपस्थिति की अपील कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चन्द्राकर, राजकुमार मिश्रा, कृष्णाराम साहू, लक्ष्मणराव मगर, होलाराम परिहा, यशकरण सिंह गजेन्द्र, अरूण कुमार गौर, गणेश राव पवार, बलवन्त राव पवार, झुमुकलाल साहू, सेवकराम नेले, लालाराम मगेन्द्र, चन्द्रभान चन्द्राकर, डॉ.भारती राव, हनुमान सिंह वर्मा, भरतलाल साहू, किरण साहेब, हीरालाल गजेन्द्र, कृष्ण कुमार देवांगन, राजाराम साहू एवं चन्द्रहास साहू ने की है। यह जानकारी सचिव ईश्वरी दयाल साहू ने दी है।

---

हजारों परिवारों को दोहरे टैक्स से मिलेगी मुक्ति

# हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनियां अब नगर निगम के हवाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ सरकार ने शहरी क्षेत्रों में निवासरत हजारों परिवारों को बड़ी राहत देते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राज्य मंत्रिमंडल ने प्रदेश की 35 पूर्ण हो चुकी हाउसिंग बोर्ड एवं रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) की कॉलोनियों को नगर निगमों और नगर पालिकाओं को हस्तांतरित करने की मंजूरी दे दी है। इस फैसले से वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे नागरिकों को अब सीधे नगरीय निकायों के माध्यम से बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी।

अब तक इन कॉलोनियों का औपचारिक रूप से नगरीय निकायों को हस्तांतरण नहीं हो पाने के कारण सड़क, पेयजल, सफाई, स्ट्रीट लाइट और नियमित रखरखाव जैसी



आवश्यक सुविधाएं अस्थायी व्यवस्था के भरोसे संचालित हो रही थीं। इसके चलते कई क्षेत्रों में नागरिकों को गंभीर असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा था।

### रख-रखाव की पूरी जिम्मेदारी निगम की

हस्तांतरण न होने से कॉलोनीवासियों पर दोहरा आर्थिक बोझ पड़ रहा था। एक ओर नगर निगम या नगरपालिका को संपत्ति कर देना पड़ता था, वहीं दूसरी ओर हाउसिंग बोर्ड अथवा विकास प्राधिकरण को मेंटेनेंस चार्ज भी चुकाना होता था। मंत्रिपरिषद के इस फैसले के बाद अब मेंटेनेंस शुल्क से राहत मिलेगी और रख-रखाव की पूरी जिम्मेदारी नगर निगम की होगी।



#### शहरी व्यवस्था और अधिक सशक्त होगी : रामू रोहरा

नगर निगम महापौर रामू रोहरा ने कहा कि यह फैसला शहरवासियों के हित में ऐतिहासिक है। अब हाउसिंग बोर्ड कॉलोनियों में रहने वाले नागरिकों को नगर निगम की सभी सेवाएं बिना किसी बाधा के मिलेंगी। इससे शहरी व्यवस्था और अधिक सशक्त होगी।

#### व्यवस्थाएं होंगी दुरुस्त : पीसी सार्वा

नगर निगम उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण होते ही इन कॉलोनियों को निगम की नियमित कार्ययोजना में शामिल कर लिया जाएगा। सफाई, जलापूर्ति और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को प्राथमिकता के साथ दुरुस्त किया जाएगा।



### अब नगर निगम देगा सभी बुनियादी सुविधाएं

हस्तांतरण के पश्चात नगर निगम एवं नगर पालिकाएं इन कॉलोनियों में नियमित रूप से जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, नाली सफाई, कचरा प्रबंधन और प्रकाश व्यवस्था का संचालन करेंगी। कॉलोनियों के खुले भू-खंड, उद्यान, सड़कें एवं अन्य सार्वजनिक सुविधाएं नगर निकायों के अधीन होंगी। हालांकि आवासीय एवं व्यावसायिक बिक्री योग्य संपत्तियों को हस्तांतरण के दायरे से बाहर रखा गया है।

### शहरी शासन होगा अधिक जवाबदेह

विशेषज्ञों का मानना है कि इस निर्णय से शहरी प्रशासन अधिक जवाबदेह बनेगा और विकास कार्यों में तेजी आएगी। बढ़ती शहरी आबादी के बीच यह कदम शहरी जीवन की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक ठोस और दूरगामी पहल माना जा रहा है।

#### फाइल नगर निगम को सौंपी

हाउसिंग बोर्ड कॉरपोरेशन के कार्यपालन अभियंता महेंद्र कुमार नरेटी ने बताया कि हटकेशर वार्ड में 22 एकड़ भूमि पर निर्मित कॉलोनी में सेप्टिक टैंक, सड़क, पंप हाउस, पाइपलाइन, गार्डन, स्ट्रीट लाइट और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की गई है। कॉलोनी में एलआईजी, एमआईजी जेआर ,एमआईजी एस आर एवं ई डब्ल्यू एस श्रेणी के गुणवत्तायुक्त मकान निर्मित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य शासन के आदेश के बाद संबंधित फाइल नगर निगम को सौंप दी गई है। इससे पूर्व छत्तीसगढ़ निर्माण से पहले मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल के अंतर्गत बने 52 मकानों का हस्तांतरण किया गया था, जबकि इस बार 443 मकानों को नगर निगम के अधीन किया जा रहा है।

---


# खेत में घूमते मिला तेंदुए का शावक वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू

■ प्राथमिक उपचार के बाद जंगल सफारी नवा रायपुर भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

सिहावा वनांचल क्षेत्र में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब खेतों के बीच एक तेंदुए का शावक देखा गया। इससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम पहुंची और शावक का सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल सफारी नवा रायपुर भेजा।

घटना बिरगुड़ी वन परिक्षेत्र के छिपलीपारा गांव की है। बताया जा रहा है कि 5-6 माह का तेंदुआ शावक श्रृंगी ऋषि पहाड़ी के नीचे स्थित जंगल से भटककर राजस्व क्षेत्र में आ गया था। खेत में शावक की मौजूदगी से ग्रामीण सहम गए और तत्काल वन विभाग को इसकी जानकारी दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर लोगों को सतर्क



किया और शावक से दूरी बनाए रखने की अपील की। सावधानीपूर्वक उसे कब्जे में लेकर पशु चिकित्सालय नगरी ले जाया गया, जहां उसका प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच में शावक पूरी तरह स्वस्थ पाया गया, हालांकि उसका शरीर पानी से भीगा हुआ था, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि वह किसी नाले या जलस्त्रोत के रास्ते भटककर बाहर आ गया होगा।

वन परिक्षेत्र अधिकारी सुरेंद्र कुमार अजय ने बताया कि तेंदुए का शावक स्वस्थ है और फिलहाल जंगल सफारी नवा रायपुर में विशेषज्ञों की निगरानी में रखा गया है। आगे की स्थिति को देखते हुए उसके पुनर्वास को लेकर निर्णय लिया जाएगा।

गौरतलब है कि सिहावा नगरी क्षेत्र घने जंगलों और पहाड़ियों से घिरा हुआ है, जो तेंदुआ, भालू जैसे वन्यप्राणियों का प्राकृतिक आवास माना जाता है। ऐसे में जंगली जानवरों का रिहायशी इलाकों की ओर आना कोई नई बात नहीं है। हाल ही में कोटरी सांकरा क्षेत्र में भी एक वन्यप्राणी स्कूल की बाउंड्री में लगे तार में फंस गया था। गर्मी की शुरुआत के साथ ही इस तरह की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जंगलों में पानी की कमी के कारण वन्यप्राणी भोजन और पानी की तलाश में रिहायशी इलाकों की ओर आ रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि वन विभाग जंगल क्षेत्रों में पानी की पर्याप्त व्यवस्था करे, ताकि जंगली जानवर गांवों और खेतों की ओर न भटकें।

---

# आमदी की जनता के हक के लिए कांग्रेस सड़क पर उतरी

■ भाजपा सरकार की उदासीनता के खिलाफ दिया धरना व चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं नगर पंचायत आमदी की लगातार हो रही उपेक्षा के विरोध में नगर कांग्रेस कमेटी आमदी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम किया।

धरना को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार में विकास केवल कागज़ी घोषणाओं तक सीमित रह गया है। आमदी जैसे नगरों को जानबूझकर उपेक्षित रखा जा रहा है। गौरव पथ निर्माण, नाली, स्वच्छता एवं प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार और प्रशासन पूरी तरह विफल साबित हुए हैं। कांग्रेस पार्टी आम जनता के अधिकारों के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेग

विधायक ओंकार साहू ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की समस्याओं से मुंह मोड़कर बैठी है। बजट में शामिल गौरव पथ को आज तक





प्रशासनिक स्वीकृति न देकर आमदी नगर के साथ भेदभाव किया जा रहा है। कांग्रेस आमदी की जनता को उसका हक दिलाने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।

पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों की स्वीकृति धमतरी विधायक ओंकार साहू द्वारा कराई जाती है, लेकिन उसका श्रेय कोई और लेने का प्रयास करता है। कांग्रेस कार्य करने वाली पार्टी है, जो गरीबों के आंसू पोंछने का काम करती है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमतरी ग्रामीण के अध्यक्ष खिलेंद्र ध्रुव ने कहा कि भाजपा सरकार में कवर्धा क्षेत्र में 7 करोड़ रुपये का धान खा जाने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जो बड़े घोटाले की ओर इशारा करती हैं।

कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि भाजपा सरकार एवं प्रशासन ने शीघ्र इन मांगों पर ठोस कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

#### ये हैं मांगें

नगर पंचायत आमदी में तत्काल गौरव पथ निर्माण कराया जाए, वार्ड क्रमांक 11 एवं 15 की घास भूमि को आबादी भूमि घोषित किया जाए, वार्ड क्रमांक 15 में राइस मिलों से हो रहे वायु एवं जल प्रदूषण पर तत्काल रोक लगाई जाए, अमृत मिशन 2.0 के कार्यों में हो रही देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए, नगर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण एवं अवैध प्लाटिंग की जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए। वार्ड क्रमांक 1 एवं 2 में सीवेज पानी निकासी हेतु नाली निर्माण किया जाए।

मौके पर उमेश डोंगरे युवा कांग्रेस प्रभारी, शहर के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, नरेंद्र सोनवानी जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस, मनोज साहू, अम्बिका सिन्हा, योगेश मार्कण्डे, कविता साहू, सुनीता साहू, ऋषभ ठाकुर, हेमलाल बंजारे, नीलमणि साहू, पारसमणि साहू, ललिता पटेल, वातांजलि गोस्वामी, धर्मेंद्र पटेल, सूरज पासवान, दीपक सोनकर, योगेश्वर साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

---

स्कूली वाहनों के फिटनेस को लेकर उठे सवाल

# बच्चों से भरा स्कूली वैन हुआ धुआं धुआं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्कूल से बच्चों को घर छोड़ने जा रहे स्कूली वैन से अत्याधिक धुआं निकलने लगा। चालक ने तत्काल वैन को रोककर बच्चों को बाहर निकाला। हालांकि इस घटना में सभी बच्चे सुरक्षित हैं लेकिन स्कूली वाहनों के फिटनेस को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

बुधवार की दोपहर एक स्कूली वैन 7 से 8 बच्चों को बिठाकर सिहावा रोड से होते हुए उनके घर छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान शांति कॉलोनी चौक के पास





चलती वैन के इंजन से अचानक धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते सड़क सहित आसपास का क्षेत्र धुआं-धुआं हो गया। धुआं निकलते देख चालक ने वैन को सड़क किनारे रोक तत्काल बच्चों को बाहर निकाला। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आसपास के लोगों ने भी बच्चों को वैन से बाहर निकालने में मदद की। घटना फायर ब्रिगेड कार्यालय के सामने हुई जिसके कारण फायर फाइटरों ने तत्काल एक्शन लेते हुए आग को बुझाने का प्रयास शुरु कर दिया। कुछ समय में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। घटना के बाद जांच में पाया गया कि वाहन में शार्ट सर्किट हो गया था। समय रहते मदद मिल जाने से बड़ी घटना टल गई।

### बच्चों की सुरक्षा खतरे में

स्कूली वैन में लगी आग ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहनों के फिटनेस चेकिंग के बाद भी इस तरह की घटना बच्चों के प्रति लापरवाही को बताता है। चेकिंग के बाद विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने में उदासीनता बरती जा रही है।

---

## फांसी लगाकर अधेड़ ने की आत्महत्या

**धमतरी।** एक अधेड़ ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस व परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम अरौद निवासी कुशल ध्रुव पिता रोहिदास उम्र 54 वर्ष मजदूरी का काम करता था। उसकी पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। उसकी बेटी की भी मौत हो गई थी। अधेड़ अपने एक बेटे के साथ रहता था। बेटे के पीने खाने की लत व उसकी उटपटांग हरकतों के कारण अधेड़ परेशान था। आखिरकार जीवन के अकेलेपन से तंग आकर अधेड़ ने बुधवार को अपने घर के म्यार में पटका का फंदा बना फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शाम को घटना की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेज दिया। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

---

# हाईस्पीड बोलेरो सब्जी पसरा में घुसी, युवती सहित तीन घायल



दानीटोला चौक जैविक खाद मोड़ की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नहर नाका की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी सब्जी की दुकान में घुस गई। घटना में सब्जी बेच रही युवती सहित तीन लोग घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार दानीटोला के सतनामी पारा निवासी विद्या रात्रे दानीटोला चौक जैविक खाद मोड़ पर सड़क किनारे सब्जी दुकान लगाती है। रोजाना की तरह युवती गुरूवार को भी जैविक खाद मोड़ पर सड़क किनारे दुकान लगाकर सब्जी बेच रही थी। उसके साथ दो युवती रेश्मा व यामिनी भी दुकान में बैठी थी। इसी दौरान नहर नाका की ओर से तेज रफ्तार बोलेरो बिलाईमाता मंदिर की तरफ आ रही थी। जैविक खाद मोड़ से पहले चालक ने तेज रफ्तार बोलेरो को ब्रेक लगाया जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से उतर जैविक खाद मोड़ के पास लगी सब्जी दुकान में चढ़ गया। इस घटना में सब्जी बेच रही विद्या रात्रे गंभीर रूपे से घायल हो गई। वहीं दुकान पर बैठी रेश्मा व यामिनी को भी चोट लगी है। बोलेरो ने दुकान पर रखी सब्जियों को तहस-नहस कर दिया। काफी मात्रा में आलू, प्याज, टमाटर सहित अन्य सब्जियां बोलेरो के पहियों के नीचे कुचल गई। वाहन की ठोकर से काफी सब्जियां सड़क किनारे दूर तक बिखर गई। सड़क किनारे लगा सूचना बोर्ड भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने हादसे में घायल युवतियों को उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर कोतवाली पुलिस घटनास्थल पहुंच जांच में जुट गई। पुलिस चालक के खिलाफ आगे की कार्रवाई कर रही है। बताया जाता है कि बोलेरो भोयना निवासी की है। चालक पहले गोकुलपुर में रहता था।

#### यह घटना सड़क पर पसरा लगाने वालों के लिए बड़ी चेतावनी

उल्लेखनीय है कि इन दिनों नेशनल हाईवे सहित शहर के अन्य मार्गों में सब्जी व्यवसायी पसरा लगाकर सब्जियां बेच रहे हैं। व्यवसायियों को नियमतः शहर में स्थित बाजारों में दुकान लगानी चाहिए लेकिन व्यवसायी बाजार की दुकानों को छोड़ ज्यादा बिक्री के चक्कर में सड़कों पर पसरा लगा रहे हैं जिसके कारण हमेशा उनके ऊपर जान का खतरा मंडराता रहता है। वहीं यातायात व्यवस्था भी बाधित होती है। गुरूवार की शाम दानीटोला में हुई घटना सड़क पर पसरा लगाने वाले सब्जी व्यवसायियों के लिए बड़ी चेतावनी है। इस तरह की घटना को रोकने निगम व यातायात पुलिस द्वारा गंभीरता नहीं दिखाना समझ से परे हैं।

---

पर्यटन को मिल रहा बढ़ावा, विलुप्तप्राय वन्य जीवों का बना प्राकृतिक आवास

# टाइगर रिजर्व में मिला दुर्लभ प्रजाति के पक्षियों का झुंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में कई दुर्लभ प्रजाति के पक्षी मिले हैं। इन पक्षियों ने अब इस जंगल को अपना प्राकृतिक आवास बना लिया है। इन पक्षियों के आने से यहां पर्यटन को बढ़ावा भी मिल रहा है। टाइगर रिजर्व के वन अमला ने इन पक्षियों के संरक्षण के लिए पहल शुरू कर दी है।

जिले का घने जंगल न सिर्फ शेर, भालू, तेंदुआ जैसे वन्य जीवों से संपन्न है, बल्कि अब आसमान के मुसाफिरों के लिए भी सुरक्षित जगह के रूप में सामने आए हैं। यहां पर पशु प्रेमियों ने दुर्लभ और रंगबिरंगे पक्षियों का झुंड काफी नजदीक से देखा है। इन पक्षियों का यहां होना इस बात का संकेत है कि रिजर्व फारेस्ट का पारिस्थितिक तंत्र काफी संपन्न और समृद्ध है। वन अमला के लगातार गश्त और कार्रवाई के कारण घने जंगलों में मानवीय दखल नहीं के बराबर हैं। ऐसे में यहां पर वन्य संपदा में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इनमें वन्यजीवों के साथ पेड़ पौधे, औषधि आदि भी शामिल हैं।



#### ये मिले दुर्लभ पक्षी

टाइगर रिजर्व के आमामोरा के जंगल और जहां से विभाग ने अतिक्रमण हटाया था, वहां पर इन दुर्लभ पक्षियों का जमावड़ा देखा गया है। इनमें पैरीग्रीन पाल्कन, शाहीन जैसे पक्षी शामिल हैं। ब्लू बियर्डेडबी ईटर, मालाबार पाइड हार्नबिल जैसे पक्षी शामिल हैं। ये पक्षी हिमालयन क्षेत्र में मिलते हैं। अब टाइगर रिजर्व इनका प्राकृतिक आवास बन गया है। इसके अतिरिक्त कई विदेशी पक्षियों ने भी यहां पर रहवास बना लिया है।

#### शोधकर्ताओं के लिए उपयुक्त जगह

यहां इन पक्षियों के मिलने से टाइगर रिजर्व में पर्यटन बढ़ने की उम्मीद है। खासकर पक्षी प्रेमियों के लिए, शोधकर्ताओं के लिए यह किसी स्वर्ग से कम नहीं है। अधिकारियों की माने तो पिछले दो तीन साल में टाइगर रिजर्व एरिया में काफी बदलाव देखने को मिला है। यहां पर ऐसे ऐसे दुर्लभ वन्य जीव भी मिल रहे हैं, जो विलुप्ति की कगार पर पहुंच चुके हैं। या विलुप्त मान लिए गए हैं। यह वन विभाग के लिए गौरव की बात है।

#### शिकार, अवैध कटाई पर लगाम

वन विभाग द्वारा लगातार अवैध कटाई, अतिक्रमण और शिकार पर कार्रवाई की जा रही है, जिसका अब सुखद परिणाम सामने आ रहा है। टाइगर रिजर्व का पारिस्थितिक तंत्र मजबूत हुआ है। दुर्लभ वन्यजीव भी अब यहां अपना आवास बना रहे हैं।

\- वरूण जैन

*उपनिदेशक टाइगर रिजर्व*

**खबर संक्षेप**



## सेनचुवा में मानसगान प्रतियोगिता आज से

**डांडेसरा(धमतरी)।** श्री सीताराम मानस आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम सेनचुवा (छाती) में 6 से 8 फरवरी तक श्री रामचरित मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसमें 19 ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियों ने भाग लिया है। 6 फरवरी शुक्रवार को राम सिया मानस मंडली कोटगांव, महिला मानस मंडली उमरगांव, हरिओम मानस मंडली चोरभट्ठी कुरूद, 7 फरवरी शनिवार को जय चण्डी मानस मंडली पेण्डरवानी, जय मां कर्मा महिला मानस मंडली फरसिया, वीर कचना घुस्वा मानस मंडली डाभा, जय अम्बे महिला मानस मंडली बारभाठा फिंगेश्वर, गुरू कृपा बाल संस्कार मानस मंडली बेलमांड बालोद, समर्पण मानस मंडली बकली, जय मां विंध्यवासिनी महिला मानस मंडली गोकुलपुर, सोन चिरईया मानस मंडली लाभीडीह, पिथौरा तथा 8 फरवरी रविवार को श्रीराम कृपा मानस मंडली बागतराई, नवसुधा महिला मानस मंडली तमोरा बालोद, नव ज्योति मानस मंडली गोपलपुरी, तनमय बालिका मानस मंडली भरदा बालोद, श्रीराम मानस मंडली ढाबाडीह, राजमानस परिवार आमदी, जय बजरंग मानस मंडली डांडेसरा, जय सरस्वती पण्डवानी पार्टी खुरसुल की प्रस्तुति होगी।

## पूर्व छात्र-छात्राओं का महामिलन 7 को

**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावा में 7 फरवरी को पूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। संगी मिलन नाम से आयोजित इस कार्यक्रम की तैयारियां इन दिनों जोर-शोर से चल रही हैं। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसमें शैलेंद्र धेनुसेवक को अध्यक्ष एवं रामाराव बघेल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। मिलन समारोह में वर्ष 1972 से लेकर 2025 तक के पूर्व छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया है। अब तक 700 से अधिक पूर्व छात्र-छात्राएं अपना पंजीयन करा चुके हैं। शाला के प्राचार्य एसआर साहू ने बताया कि इस संगी मिलन समारोह के माध्यम से पूर्व छात्र-छात्राएं अपने पुराने विद्यालय में पहुंचकर पुरानी यादों को ताजा करेंगे और एक-दूसरे से मिलकर अनुभव साझा करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी थरूण निषाद द्वारा दी गई।

**निधन**

## हेमन्त कुमार

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम पंचायत लीलर के युवा सरपंच हेमन्त कुमार नेताम उम्र 35 का आकस्मिक निधन हृदय गति रुकने के कारण 4 फरवरी बुधवार को हो गया। इससे क्षेत्र में शोक की लहर है। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए।



**न्यायालय तहसीलदार भखारा जिला धमतरी छ.ग.**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्र. 202512130100055/अ-59
वर्ष 2025-26
ग्राम सिलीडीह पटवारी हल्का नं. 03

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता एवं ग्राम सिलीडीह को सूचित किया जाता है, कि आवेदक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद का पत्र क्रमांक 10624/पंचा./कर वसूली/2025-26 धमतरी दिनांक 4/12/2025 द्वारा ग्राम सिलीडीह पटवारी हल्का नं. 03 तहसील भखारा स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 98 रकबा 2.030 हे. पर 10 दुकान बनाने के लिए व्यवसायिक परिसन निर्माण हेतु भूमि आबंटन किये जाने आवेदन पत्र मय दस्तावेज पंचायत प्रस्ताव की प्रति न्यायालय कलेक्टर धमतरी को प्रेषित आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी रा. कुरूद के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद के आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या हित बद्ध पक्षकार/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 13/02/2026 तक स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित हो कर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एव न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
भखारा

### छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव में विद्युत उपभोक्ता हुए सम्मानित

# कुरूद क्षेत्र की प्रगति में बिजली की निर्बाध आपूर्ति की भूमिका अहम : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत वर्ष पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ के कुरूद संभाग ने रजत महोत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा है कि कुरूद सहित आसपास के क्षेत्र की तेज प्रगति के पीछे विद्युत की निर्बाध आपूर्ति की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि विद्युत आज प्रदेश की पहचान से जुड़ा विषय है।

कुरूद के स्वामी विवेकानंद मंगल भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्री चंद्राकर ने पॉवर कंपनी की विभिन्न योजनाओं के सजग विदयुत उपभोक्ताओं को सम्मानित किया। इस दौरान नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू, रायपुर केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता केएस भारती प्रमुख रूप से मौजूद थे।



मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने कहा कि पूरे प्रदेश में कुरूद क्षेत्र में विद्युत का सबसे अधिक विकास कार्य हुआ है जिससे क्षेत्र के लोगों को कृषि, उद्योग, शिक्षा आदि क्षेत्र में सफलता मिलती है। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उल्लेख करते हुए इसे एक आम घरेलू उपभोक्ता के लिए लाभप्रद बताया और आने वाले समय की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सौर ऊर्जा को सबसे प्राथमिक स्त्रोत बताया। सभा को कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर एवं विशिष्ट अतिथि श्री सिन्हा ने भी संबोधित किया।

पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता केएस भारती ने कहा कि प्रदेश के विद्युत उपभोक्ता 25 वर्ष में 19 लाख से 65 लाख हो गए हैं और आज प्रदेश की पॉवर कंपनी सभी को गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने में सफल हो पा रही है।

कार्यपालन अभियंता कुरूद संभाग अमित कुमार ने बताया कि समारोह के दौरान विभिन्न योजनाओं के 26 सजग उपभोक्ताओं को सम्मानित भी किया गया। इसमें विद्युत बिल का बिना बकाया नियमित भुगतान करने वाले उपभोक्ता, सीमा के अंदर विद्युत खपत करने वाले एकल बत्ती उपभोक्ता, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थी, कृषक जीवन ज्योति योजना के लाभार्थी और गैर घरेलू श्रेणी के उपभोक्ता शामिल हैं। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, विद्युत उपभोक्ता, गणमान्य नागरिक एवं पॉवर कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# शिव का अर्थ है परोपकारी और कल्याणकारी : भावना

- ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विवि में 90वीं शिव जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में 90वीं शिव जयंती का पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा एवं पार्षद श्रीमती चेलेश्वरी साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत शांति, आध्यात्मिकता और ईश्वरीय वातावरण के बीच हुई। इस अवसर पर राजयोगिनी बीके भावना, कमलेश्वरी समेत संस्था के सदस्य तथा नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा द्वारा शिव ध्वज फहराया गया।

सभा को संबोधित करते हुए राजयोगिनी भावना ने कहा कि महाशिवरात्रि परमपिता शिव परमात्मा के दिव्य अवतरण का स्मरणीय दिवस है। शिव का अर्थ है परोपकारी और कल्याणकारी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब संपूर्ण विश्व दुख, चिंता और अशांति से ग्रसित है, ऐसे समय में परमपिता शिव परमात्मा शांति, सुख और धर्म की पुनर्स्थापना के लिए अवतरित होते हैं। मानव आत्मा को सच्ची शांति और शक्ति केवल परमात्मा शिव की स्मृति और उनके दिव्य संदेश से ही प्राप्त हो सकती है। उन्होंने सभी को सात्विक जीवन की प्रतिज्ञा भी दिलाई।

मुख्य अतिथि बलजीत छाबड़ा ने कहा कि यह पर्व हमें परमपिता शिव से जुड़ने और उनके गुणों को अपने जीवन में धारण करने का अवसर प्रदान करता है। परमात्मा शिव के ज्ञान से मन को शीतलता, शांति और आनंद की अनुभूति होती है। अतिथियों को ईश्वरीय प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

# धान खरीदी न होने से क्षेत्र के किसान परेशान

- टोकन कटाने के लिए तहसीलदार से लगाई गुहार, कार्यालय के सामने बैठे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी विकासखंड खण्ड के ग्राम नवागांव निवासी लघु किसान नरेश कुमार चंदन ने धान खरीदी को लेकर प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। किसान ने बताया कि वह प्रतिवर्ष लगभग 50 क्विंटल धान की बिक्री करता रहा है, लेकिन इस वर्ष अब तक केवल 29 क्विंटल धान ही विक्रय हो पाया है।

किसान नरेश कुमार चंदन के अनुसार शेष 21 क्विंटल धान उनके घर में सुरक्षित रखा हुआ है, किंतु संबंधित शासकीय अमले द्वारा धान खरीदी से इंकार किया जा रहा है, जिससे वह मानसिक रूप से अत्यंत व्यथित हैं। किसान ने बताया कि पारिवारिक परिस्थितियां भी अनुकूल नहीं हैं। उनका बड़ा पुत्र मानसिक रूप से विक्षिप्त है तथा पत्नी शारीरिक बीमारी से ग्रसित है। रतन लाल कश्यप का 125 कट्टा धान घर पर रखा गया है। आर्थिक व मानसिक दबाव झेल रहे किसान ने तहसीलदार बेलरगांव से धान खरीदी कराए जाने की मांग की है, ताकि उन्हें राहत मिल सके। किसान ने प्रशासन से शीघ्र उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया। किसान कलीराम, मनसुख, धनुराम चंदेल, शत्रुघ्न मरकाम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज सांझी, परशुराम, मंशाराम, बलराम, मनोहर, जयलाल नेताम, जोहन, चैतन्य साहू, कुंदन, चंदनलाल,देवली नेताम, कचरोबाई समेत बेलर तहसील के आसपास के कई किसान टोकन कटिने के लिए तहसील के सामने बैठे रहे।

# भखारा में खुलेगा उप पंजीयक कार्यालय

- विधायक ने क्षेत्रवासियों को दिलाई एक और बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

कुरुद क्षेत्र के विधायक अजय चंद्राकर अपने क्षेत्र के लोगों को हर साधन-सुविधा उपलब्ध कराने तत्पर हैं। वे इन दिनों अपने विधानसभा के हर दूरस्थ अंचल में वे सभी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने में लगे हैं जिसके लिए ग्रामीण अंचल के लोगों को बड़े शहरों की ओर रुख करना पड़ता है। इन्ही सुविधाओं में विस्तार देने उनकी पहल पर भखारा तहसील के आम नागरिकों को रजिस्ट्री एवं पंजीयन से संबंधित सेवाएं सरल, सुलभ और समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण और जनहितकारी निर्णय लिया गया है।

रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1908 के प्रावधानों के तहत भखारा (जिला धमतरी) नवीन उप पंजीयक कार्यालय खोलने हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस निर्णय के अंतर्गत धमतरी जिले के भखारा में उपपंजीयक कार्यालय की स्थापना को विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भखारा एवं आसपास के ग्रामीण अंचल के नागरिकों को अब रजिस्ट्री कार्य के लिए कुरुद या जिला मुख्यालय धमतरी तक लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। इससे समय और धन की बचत होगी। पंजीयन कार्यालयों में भीड़ कम होगी तथा आमजन को स्थानीय स्तर पर ही सुविधाजनक एवं पारदर्शी सेवाएं प्राप्त होंगी.



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि भखारा में उप पंजीयक कार्यालय की स्वीकृति से क्षेत्र के नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। यह निर्णय प्रशासनिक विकेंद्रीकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इससे पंजीयन प्रक्रिया तेज, पारदर्शी और जनसुलभ बनेगी, साथ ही क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

### 10 नवाचारात्मक सुधार के साथ मिलेंगी ये सुविधाएं

नए उप पंजीयक कार्यालयों के खुलने से पंजीयन संबंधी कार्यों में सुगमता आएगी और सुशासन को मजबूती मिलेगी। पंजीयन विभाग द्वारा 10 नवाचारात्मक सुधार लागू किए गए हैं, जिनका लाभ इन नए कार्यालयों के माध्यम से भी मिलेगा। इनमें ऑटो डीड जनरेशन, आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन, घर बैठे रजिस्ट्री, स्वतः नामांतरण, ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाणपत्र, एकीकृत कैशलेस भुगतान, व्हाट्सएप आधारित सेवाएं, डिजीलॉकर एकीकरण, डिजी-डॉक सेवा तथा खसरा नंबर के माध्यम से ऑनलाइन सर्च एवं रजिस्ट्री डाउनलोड की सुविधा शामिल है।

# स्कूल सफाई कर्मचारियों की बैठक 8 को



हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडेसरा(धमतरी)

अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी के प्रतिनिधिमंडल ने 4 फरवरी को मंत्रालय महानदी भवन रायपुर में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव, मंत्री केदार कश्यप व स्कूल शिक्षा सचिव से मुलाकात कर संघ की मांगों के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री द्वारा आगामी बजट 2026 में मांगों को पूरा करने का स्पष्ट भरोसा दिलाया गया है।

अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश महामंत्री डगेश्वर पटेल, जिलाध्यक्ष लोकेश साहू एवं मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू ने बताया कि संघ की आगे की रूपरेखा तैयार करने प्रदेश स्तरीय बैठक 8 फरवरी रविवार को सुबह 11 बजे सती बाई स्कूल कवर्धा जिला कबीरधाम में रखी गई है। उन्होंने जिले के कुरूद, मगरलोड, धमतरी एवं नगरी ब्लाक के पदाधिकारियों से उपस्थित होने की अपील की है।

# शौर्य क्रीड़ा क्लब से प्रशिक्षित 62 जवान देश सेवा में

- इस वर्ष एसएससी जीडी 2025-26 में 6 युवाओं का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

सेवा एवं पूर्व अभ्यास केंद्र शौर्य क्रीड़ा क्लब कुंडेल मधुबन धाम क्षेत्र में देश सेवा की भावना को सशक्त करने का कार्य लगातार कर रहा है। क्लब से प्रशिक्षण प्राप्त कर अब तक 62 युवक-युवतियां देश के विभिन्न सुरक्षा एवं अर्धसैनिक बलों में चयनित होकर देश सेवा कर रहे हैं, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।



वर्तमान वर्ष एसएससी जीडी भर्ती 2025-26 में शौर्य क्रीड़ा क्लब से प्रशिक्षित 6 युवक-युवतियों का चयन अर्धसैनिक बलों में हुआ है। विशेष उपलब्धि यह रही कि ग्राम खैरझिटी से पहली बार दो युवाओं का पैरामिलिट्री फोर्स में चयन हुआ। चयनित युवाओं में धनेंद्र साहू पिता हेमंत साहू (सीआईएसएफ ग्राम खैरझिटी), प्रमोद साहू पिता त्रिलोचनराम साहू (सीआरपीएफ ग्राम खैरझिटी), आशीष ध्रुव पिता घनश्याम ध्रुव (सीआईएसएफ ग्राम भोथा), राहुल पिता मुकेश ध्रुव (बीएसएफ), रोशन कश्यप पिता रामस्वरूप कश्यप (सीआरपीएफ, ग्राम खिसोरा) तथा पार्वती साहू पिता चंद्रहास साहू (सीआरपीएफ ग्राम कुंडेल) शामिल हैं।

इस सफलता के पीछे प्रशिक्षण केंद्र के संचालक घनश्याम ध्रुव पीटीआई एवं प्रशिक्षक हेमंत साहू, ऋषभ साहू, हेमनारायण साहू तथा एपीटीसी प्रभात भोयर (आर्मी प्रशिक्षक) का योगदान रहा। चयनित जवानों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में मीना साहू (जिपं सदस्य) मुख्य अतिथि तथा वीरेंद्र साहू (अध्यक्ष जपं मगरलोड) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सरपंच दशोदा कौशल साहू, उपसरपंच मुकेश यादव, जनप्रतिनिधि, नागरिक एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भेषुराम साहू ने किया।

# छात्रों ने डांग एवं आंगादेव पकड़कर किया नृत्य

- शाउमावि सांकरा में वार्षिक स्नेह सम्मेलन, आज पुरस्कार वितरण के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा में 5 व 6 फरवरी को वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया है। स्नेह सम्मेलन में छात्र छात्राओं द्वारा आनंद मेला व्यापार मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी के अंतर्गत पानी पुरी, चाट, भेल, पुरी, आइसक्रीम कुल्फी के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के पकवान बनाकर क्रय विक्रय किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने एसबीआई बैंक, हॉस्पिटल, इनपुट डिवाइस, आउटपुट डिवाइस, एटीएम गाडन के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के मॉडल तैयार कर प्रदर्शन किया गया साथ ही छात्र छात्राओं द्वारा डांग एवं आंगा पकड़कर नृत्य किया।







6 फरवरी शुक्रवार को रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। दोपहर 3 बजे से पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम होगा।

मौके पर मुख्य रूप से अरुण सार्वा अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, नागेंद्र बोरझा सरपंच सांकरा, अनिभा अग्रवाल प्रिंसिपल शाउमावि सांकरा एवं शिक्षक शिकक्षिकाएं , जनमेजय साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकाश समिति, गिरवर भंडारी, महेश साहू, रमेश साहू, हेमलता साहू, टेमन कश्यप, बृजभूषण साहू समेत छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### जिले के एएनएम व मितानिन प्रशिक्षकों को मिला उन्मुखीकरण प्रशिक्षण

# बाल मधुमेह की समय पर होगी पहचान एवं प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बच्चों में होने वाले मधुमेह, जिसे टाइप-1 डायबिटीज (बाल मधुमेह) कहा जाता है, की समय पर पहचान, प्रभावी उपचार तथा समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में जिले के एएनएम एवं मितानिन प्रशिक्षकों के लिए विशेष उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों को टाइप-1 डायबिटीज से बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों, इसकी प्रारंभिक पहचान, उचित उपचार पद्धतियों एवं दीर्घकालिक प्रबंधन से संबंधित तकनीकी जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे अपने कार्यक्षेत्र में बच्चों को बेहतर एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा सकें। कार्यशाला के दौरान टाइप-1 डायबिटीज की पहचान, उपचार एवं प्रबंधन, परामर्श (काउंसलिंग), रोगी सहायता समूहों की भूमिका, समुदाय आधारित जागरूकता गतिविधियां, मानसिक स्वास्थ्य तथा पारिवारिक सहयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल. कौशिक ने प्रशिक्षण के संदर्भ में कहा कि यह पहल बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक कदम है, जिससे जमीनी स्तर पर बाल मधुमेह की पहचान और प्रबंधन को सशक्त बनाया जा सकेगा। डॉ. हेमराज देवांगन, खंड चिकित्सा अधिकारी के सहयोग तथा यूनिसेफ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में यूनिसेफ की टीम द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों एवं मितानिन प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मियों की शत-प्रतिशत सहभागिता रही, जो निकट भविष्य में टाइप-1 डायबिटीज से प्रभावित बच्चों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगी।

कार्यक्रम में डॉ. जे.पी. दीवान, श्रीमती प्रिया कंवर जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम), ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक रोहित पांडेय एवं ब्लॉक डेटा प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार साहू का विशेष सहयोग रहा। उन्मुखीकरण कार्यशाला में कुल 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का द्वितीय चरण दिनांक 6 फ़रवरी को जिला धमतरी में आयोजित किया जाएगा।

# पचपेड़ी के स्वयंसेवकों ने दी ए सर्टिफिकेट परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ए सर्टिफिकेट परीक्षा दी। प्राचार्य विनोद कुमार ठाकुर एवं कार्यक्रम अधिकारी मिथलेश कुमार सिन्हा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित ए सर्टिफिकेट परीक्षा में मुख्य परीक्षक के रूप में संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता हरिश्चंद्र पटेल उपस्थित थे। परीक्षा में संस्था के 65 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। स्वयं सेवकों के दीक्षांत भाषण में प्राचार्य विनोद कुमार ठाकुर ने सेवा धर्म को सबसे कठिन बताया। मुख्य परीक्षक हरिश्चंद्र पटेल ने सेवा परमो धर्म की बात कहते हुए स्वयंसेवकों को सेवा के माध्यम से देश एवं समाज का निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम अधिकारी मिथलेश कुमार सिन्हा ने स्वयंसेवकों को सेवा के माध्यम से अपने चरित्र एवं व्यक्तित्व निर्माण करने की बात कही तथा सेवा के मार्ग में चलकर देश एवं समाज के विकास में योगदान के लिए सभी स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में हेमेंद्र कुमार मेश्राम का विशेष सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### पूर्व विधायक लेखराम आज दिल्ली रवाना



**धमतरी।** पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग कांग्रेस लेखराम साहू आज 6 फरवरी को प्रातः दिल्ली के लिए रवाना होंगे। वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय बैठक में शामिल होंगे, जो 7 फरवरी को नई दिल्ली में होगी। यह बैठक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव के.सी. वेणुगोपाल तथा पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जय हिंद सहित अनुसूचित जाति एवं जनजाति के राष्ट्रीय अध्यक्षों के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है।

- अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय बैठक में शामिल होंगे

बैठक में पिछड़ा वर्ग को देश के प्रत्येक प्रांत में आगे बढ़ाने को लेकर व्यापक चर्चा होगी।

तेलंगाना राज्य के पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रभारी लेखराम साहू ने बताया कि जिस प्रकार तेलंगाना में पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मेहनत कर कांग्रेस की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाई है, उसी तरह आने वाले समय में पूरे देश में कांग्रेस को मजबूत कर पुनः सत्ता में लाना पार्टी का लक्ष्य है।

### छत्तीसगढ़ के किसानों को मिली राहत



**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों के हित में एक अहम और राहत भरा फैसला लेते हुए कुछ कैटेगरी के किसानों के लिए धान खरीदने की डेडलाइन बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य के तीन कैटेगरी के किसानों को धान बेचने के लिए दो दिन 5 और 6 फरवरी 2026 दिए गए हैं। इस फैसले से उन किसानों को काफी राहत मिली है। धान खरीदी पर सीएम साय का बड़ा ऐलान, वंचित किसानों को फिर बेचने का मौका मिला है। किसानों को उनकी मेहनत का पूरा राहत मिल है दो दिन में किसानों को कोई परेशानी नहीं होगी।

### तीन दिवसीय सत्संग कौहाकुड़ा में कल से

**महासमुंद।** कबीरपंथी समाज सत्संग समिति द्वारा ग्राम कौहाकुड़ा में तीन दिवसीय वार्षिक सत्संग समारोह का आयोजन 7 फरवरी से 9 फरवरी तक किया गया है। मुख्य वक्ता के रूप में सदगुरु कबीर आश्रम सुहालिया मध्यप्रदेश की साध्वी ज्योति कला साहेब अपनी साध्वी मंडली के साथ पहुंच रही है। उक्त जानकारी देते हुए रोशन, नोहरदास, युवराज व मायाराम साहू ने बताया कि प्रवचन प्रतिदिन सुबह 10 से 1 व 3 से 6 बजे तक होगा।

### कहार भोई समाज का प्रदेश स्तरीय महासभा कल से

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ कहार भोई समाज छत्तीसगढ़ में आगामी प्रदेश स्तर में महासभा का दो दिवसीय आयोजन साहू समाज भवन रायपुरा में 07 एवं 8 फरवरी को किया गया है। विदित हो यह वर्ष महासभा का चुनावी वर्ष है। जिसमें महासभा अध्यक्ष, सचिव कोषाध्यक्ष के पद के लिए पदाधिकारियों का चुनाव होना तय हुआ है।

### ठेठवार समाज की वार्षिक बैठक 8 को

**झलप।** कौड़िया देवरी परिक्षेत्र ठेठवार (यादव) समाज पिथौरा की वार्षिक बैठक व सम्मान समारोह 08 फरवरी रविवार को ग्राम भानपुर (बलौदाबाजार) में आयोजित है। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारम्भ होकर सायं 6 बजे समापन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारिकाधीश यादव विधायक खल्लारी, पूर्व संसदीय सचिव व सभाध्यक्ष तुलाराम यादव, अध्यक्ष कौड़िया देवरी परिक्षेत्र ठेठवार (यादव) समाज पिथौरा रहेंगे। इस कार्यक्रम में कक्षा 10वी ,12वी में 70 प्रतिशत या उससे ऊपर पाये छात्र/छात्राओं का सम्मान किया जाएगा व समाज में लगातार सेवा दे रहे सामाजिकजनों का सम्मान किया जाएगा।

---

कुरूद में शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय के नवीन भवन का हुआ भूमिपूजन

# कुरूद का विकास ऐसा होगा कि लोग सिर्फ चाय पीने के लिए बड़े शहरों की ओर रुख करेंगे : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

सड़क, शिक्षा, बिजली, पानी एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐसे-ऐसे काम हो रहा है या होना बाकी है कि आने वाले तीन साल के बाद कुरुद सहित क्षेत्र के लोगों को उनके नजदीक ही वह तमाम सुविधाएं उपलब्ध हो जायेंगी। लोग केवल चाय पीने के लिए रायपुर जैसे बड़े शहरों की ओर रुख करेंगे। कुरुद के विकास को लेकर ऐसे-ऐसे विजन और रोडमैप तैयार है जिनके बारे में मात्र सोचकर ही मेरे आलोचक बेहोश हो जाएंगे। उक्त बातें कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय के नवीन भवन का भूमिपूजन समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से कही।



#### प्रत्येक युवा हुनरमंद बने यही हमारा लक्ष्य

मुख्य अतिथि श्री चन्द्राकर ने कहा कि कुरूद का प्रत्येक युवा हुनरमंद बने, यही हमारा लक्ष्य है। नर्सिंग, तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से ऐसा वातावरण बनाया जा रहा है जहां रोजगार के लिए पलायन नहीं, बल्कि कुरूद से ही प्रगति और सेवा के अवसर सृजित हों। नर्सिंग महाविद्यालय से न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ता मिलेगी, बल्कि क्षेत्र के युवाओं को सम्मानजनक रोजगार और सेवा का सशक्त मंच भी प्राप्त होगा।

गुरुवार को पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अजय चंद्राकर ने कुरूद में शासकीय विधि महाविद्यालय के समीप शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय के नवीन भवन साथ ही नवीन स्टाफ क्वाटर का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही छग के शैक्षणिक मानचित्र पर कुरुद एक सशक्त केंद्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। यह महाविद्यालय प्रदेश के अग्रणी शासकीय नर्सिंग संस्थानों में से एक माना जा रहा है। इसकी नींव रखते हुए क्षेत्रीय विधायक चंद्राकर ने क्षेत्र में हो रहे तमाम छोटे-बड़े विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि कुरूद के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले 3 साल में यह क्षेत्र छग के नम्बर वन उप नगर के रूप में विकसित होते दिखाई देगा। एक समय ऐसा भी आएगा कि यहां के लोग रायपुर सिर्फ चाय पीने के लिए रुख करेंगे।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी केबैंक के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, नपा अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, जपं अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक, डीपीएम प्रिया कंवर, विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर, आनंद यदु, कृष्णकांत, तिलोक जैन, विकास चंद्राकर, टिकेश, सुरेश, लोकेश, ऋषि सोनी, क्षितिज सहित जनप्रतिनिधिगण, स्वास्थ्य अमला, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

#### विकास के नित नये आयाम गढ़े जा रहे

मेडिकल कॉर्पोरेशन बोर्ड के अध्यक्ष श्री महस्के ने कहा कि गुजरते समय के साथ कुरूद में बदलाव नजर आ रहा है। यहां विकास के नित नये आयाम गढ़े जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जागरूक जनप्रतिनिधि और जनता के सहयोग से ही क्षेत्र का विकास संभव है।

#### 8.68 करोड़ की बिल्डिंग में होगी ये सारी सुविधाएं

शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय का नवीन भवन लगभग 8.68 करोड़ की लागत से निर्मित किया जाएगा। भवन में अत्याधुनिक कक्षाएं, स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक नर्सिंग लैब, सिमुलेशन लैब, पुस्तकालय, छात्रावास, प्रशासनिक कक्ष, ऑडिटोरियम, पेयजल, विद्युत एवं हरित परिसर जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण नर्सिंग शिक्षा के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्राप्त होगा।

#### आने वाले समय में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

श्री चंद्राकर ने कहा कि युवाओं को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए लाईवलीहुड, बीए, एलएलबी, पॉलीटेक्निक जैसे संस्थान शीघ्र प्रारंभ होंगे। इसके साथ ही युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए डांडेसरा, बड़ी करेली और कचना में औद्योगिक पार्क का निर्माण किया जा रहा है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यह शैक्षणिक श्रृंखला कुरूद को बहुआयामी शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य है।

---

निगम ठेकेदारों का फूटा गुस्सा

# लेखा विभाग पर फाइल उलझाने व भुगतान रोकने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर निगम के ठेकेदारों ने निगम के लेखा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनकी कार्यशैली को मनमानी और प्रताड़नापूर्ण बताया है। नगर निगम ठेकेदार संघ के सदस्यों ने आरोप लगाया कि निगम में फंड उपलब्ध होने के बावजूद भी उनके कार्यों के भुगतान अनावश्यक रूप से रोके जा रहे हैं, जिससे ठेकेदार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं और शहर के विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

ठेकेदारों का कहना है कि भुगतान के एवज में उनसे अनुचित लाभ और श्रम की मांग की जाती है। आरोप है कि लेखा विभाग के अधिकारी फाइलों को जानबूझकर उलझाकर रखते हैं और नियम-कानून की गलत व्याख्या कर ठेकेदारों को लगातार गुमराह किया जाता है। कई मामलों में मूल्यांकन कार्य समय पर नहीं किया जाता, जबकि संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

नगर निगम ठेकेदार संघ के प्रतिनिधियों ने इन गंभीर आरोपों को लेकर नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव तथा आयुक्त नगर निगम को लिखित शिकायत सौंपते हुए दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ठेकेदारों का कहना है कि लाखों रुपये का भुगतान वर्षों से लंबित हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है और मजदूरों को समय पर भुगतान करना भी कठिन हो गया है। ठेकेदारों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी। वहीं इस संबंध में लेखा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि सभी कार्य नियमों के तहत किए जा रहे हैं। उनका कहना है कि जहां भी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और नियमों के अनुरूप दस्तावेज उपलब्ध हैं, वहां फंड उपलब्ध होते ही भुगतान किया जाएगा। शिकायत पत्र सौंपने के दौरान ठेकेदार संघ के भुनेश चक्रधारी, मोहम्मद इरफान, निखिल, सुदीप, महिप अग्रवाल, किशोर, सुशील पवार, महावीर, समीर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

---

# वनों को अग्नि से बचाने ग्रामीणों को किया जागरूक

- धमतरी वनमंडल में वन अग्नि प्रबंधन कार्यशालाओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, वनमंडल धमतरी के अंतर्गत वनक्षेत्रों को आग से बचाने के उद्देश्य से अग्नि प्रबंधन कार्यशालाओं का आयोजन विगत दिनों से प्रारंभ किया गया है। इन कार्यशालाओं में वनों को अग्नि से सुरक्षा प्रदान करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। प्रायः वनक्षेत्रों में अग्निकाल 15 फरवरी से 15 जून तक माना जाता है, इस दौरान जंगलों में आग लगने की संभावना अत्यधिक रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए वन विभाग द्वारा ग्रामीणजनों को जागरूक करने हेतु निरंतर कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में वनमंडल धमतरी के वन परिक्षेत्र उत्तर सिंगपुर अंतर्गत 3 फरवरी को मोहेरा, पठार एवं मगरलोड वनवृत्त में, वन परिक्षेत्र नगरी अंतर्गत ग्राम चन्दनबाहरा में कार्यशाला आयोजित की गई। 4 फरवरी को वन परिक्षेत्र केरेगांव अंतर्गत ग्राम चन्दनपुर (कोर्रा), डोंगरीपारा एवं कमारपारा में तथा 5 फरवरी को ग्राम मारदापोटी, केकती सेंटर दुगली, धमतरी वन परिक्षेत्र के ग्राम पहारियाकोन्हा एवं मोंगरागहन वनवृत्त में अग्नि प्रबंधन कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

इन कार्यशालाओं में संबंधित वन परिक्षेत्र की वन प्रबंधन समितियों के सदस्यगण, सरपंच, उपसरपंच, पंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि, फायर वाचर्स एवं वन अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में वनों के संरक्षण एवं संवर्धन में वन प्रबंधन समितियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया तथा वनों के नष्ट होने से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई।

ग्रामीणों को बताया गया कि जंगल से महुआ फूल, साल बीज एवं अन्य वन उपज एकत्र करते समय पेड़ों के नीचे या आसपास आग न लगाएं, जंगल में खाना पकाने या आग तापने के बाद जलती आग न छोड़ें, वनों के समीप खेतों में आग लगाकर न छोड़ें तथा तेंदूपत्ता की पैदावार बढ़ाने के लिए आग न लगाएं।

कार्यशालाओं में संयुक्त वनमंडलाधिकारी बिरगुड़ी एसएस नाविक, प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक डिकेन्द्र नेताम (परिक्षेत्र अधिकारी धमतरी), प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक लुकेश बैस सहित संबंधित वन परिक्षेत्र अधिकारी, डिप्टी रेंजर, वनपाल, वनरक्षक एवं फायर वाचर्स कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# खरेंगा सोसाइटी में किसानों ने किया हंगामा

टोकन कटने के इंतजार में रात 10 बजे तक बैठे रहे किसान



#### आज भी होगी धान की खरीदी

जिले में किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए राज्य शासन द्वारा धान खरीदी की अवधि में 5 एवं 6 फरवरी तक की वृद्धि की गई है, जिससे शेष किसानों को भी अपनी उपज विक्रय का अवसर मिल सके। अब तक जिले में 1 लाख 24 हजार 301 किसानों से कुल 59 लाख 34 हजार 951.20 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। गुरूवार को 1,001 किसानों के 35,740 क्विंटल धान के टोकन जारी किए गए, जिनमें से 682 किसानों से लगभग 24,000 क्विंटल धान की खरीदी पूर्ण कर ली गई है। आज भी धान की खरीदी की जायेगी। इस संबंध में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार धमतरी जिले में धान खरीदी कार्य पूरी पारदर्शिता और सुचारू व्यवस्था के साथ किया जा रहा है। किसानों की सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। खरीदी अवधि में वृद्धि से शेष किसानों को लाभ मिलेगा। सभी उपार्जन केंद्रों को निर्देशित किया गया है कि निर्धारित समय में धान की खरीदी पूर्ण करते हुए किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने दें।

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित खरेंगा धान उपार्जन समिति में गुरुवार को टोकन नहीं कटने से किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। सुबह से धान बेचने पहुंचे किसान देर रात तक समिति परिसर में बैठे रहे, लेकिन टोकन नहीं कटने के कारण धान की खरीदी नहीं हो सकी। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि शाम होते-होते समिति में हंगामे जैसी स्थिति बन गई।

किसानों ने बताया कि वे सुबह 11 बजे से धान लेकर समिति पहुंचे थे, लेकिन पूरे दिन टोकन नहीं काटा गया। देर शाम गुरुवार को टोकन कटना शुरू हुआ, वह भी रात करीब 10 बजे, जबकि रात के समय धान खरीदी की कोई व्यवस्था नहीं होती। ऐसे में टोकन कटने के बावजूद किसानों को धान बेचने का मौका नहीं मिल पाया।

कृषक मनमोहन साहू, राजेंद्र ध्रुव, प्रहलाद हिरवानी, जीवन साहू, तामेश्वर साहू, सोहन लाल साहू, लीलाराम ध्रुव, संतोष ध्रुव, पुरानिक सिंह, रामेश्वर चक्रधारी, विरेन्द्र कुमार, दिलीप चक्रधारी, भूपेश कुमार, डोलेश कुमार, प्रमिला बाई, नीलेश्वर, लवन कुमार साहू, भगत साहू, रामनाथ साहू, अगर सिंह गुरू, रूमलाल, नजरू, रूपन बाई, नंदकुमार सहित अन्य किसानों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि शासन द्वारा खरीदी अवधि दो दिन बढ़ाने का कोई लाभ नहीं मिल रहा है। किसानों को यह भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही कि उनका टोकन कटेगा या नहीं, लेकिन इसी उम्मीद में वे पूरा दिन समिति परिसर में बैठे रहने को मजबूर हैं।

किसानों का कहना है कि धान खरीदी की प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता नहीं होने से उन्हें मानसिक और आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई किसान दूर-दराज के गांवों से आए हैं, जिन्हें न तो बैठने की समुचित व्यवस्था है और न ही रात रुकने की सुविधा।

ऐसी ही स्थिति जिले की अधिकांश धान उपार्जन समितियों में बनी हुई है, जहां टोकन नहीं कटने और अव्यवस्थित खरीदी व्यवस्था के कारण किसान लगातार परेशान हो रहे हैं। किसानों ने प्रशासन से शीघ्र व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

---

# ग्राम पंचायतों में 7 को चावल महोत्सव के साथ रोजगार एवं आवास दिवस मनेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



7 फरवरी को जिले के सभी ग्राम पंचायतों में चावल महोत्सव के साथ-साथ रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण जनता को शासन की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना, लंबित समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का सीधा लाभ सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में हितग्राही नागरिकों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

इस संबंध में सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि 7 फरवरी को आयोजित चावल महोत्सव, रोजगार दिवस एवं आवास दिवस शासन की जनकल्याणकारी सोच को धरातल पर उतारने का महत्वपूर्ण अवसर है। हमारी प्राथमिकता है कि किसी भी हितग्राही की समस्या लंबित न रहे। सभी स्वीकृत आवासों में कार्य प्रारंभ हो, मस्टर रोल जारी हों और मजदूरी व किसतों का भुगतान समय पर हो। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि आयोजन से पहले सभी समस्या का समाधान सुनिश्चित किया

---

# शहर में एडवांस्ड आईओटी स्विच बोर्ड का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- एडवांस्ड आईओटी स्विच बोर्ड आधुनिक भारत की बदलती जीवनशैली के अनुरूप : रोहरा

स्मार्ट टेक्नोलॉजी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डीवीई ऑटोमेशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा धमतरी-रायपुर में अपने एडवांस्ड आईओटी स्विच बोर्ड का शुभारंभ महापौर रामू रोहरा ने किया। इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि आज का युग तकनीक और नवाचार का युग है। स्मार्ट टेक्नोलॉजी हमारे दैनिक जीवन को सरल, सुरक्षित और अधिक सुविधाजनक बना रही है। आईओटी आधारित उपकरण न केवल समय और ऊर्जा की बचत करते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह एडवांस्ड आईओटी स्विच बोर्ड आधुनिक भारत की बदलती जीवनशैली के अनुरूप है। आज घर, कार्यालय और औद्योगिक क्षेत्र सभी स्मार्ट समाधानों की ओर अग्रसर हैं। ऐसे में स्थानीय स्तर पर इस प्रकार के उन्नत तकनीकी उत्पादों का निर्माण और लॉन्च होना गर्व का विषय है। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया जैसे विजन को साकार करने में इस तरह के नवाचार अहम भूमिका निभाते हैं।

तकनीक का उद्देश्य आम नागरिक के जीवन को बेहतर बनाना होना चाहिए और डीवीईऑटोमेशन का यह प्रयास उसी दिशा में एक सार्थक कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि स्मार्ट स्विच बोर्ड जैसी तकनीक से ऊर्जा की अनावश्यक खपत कम होगी, जिससे बिजली बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। महापौर श्री रोहरा ने डीवीईऑटोमेशन प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ एवं एमडी सुब्बाराव सिस्ता सहित पूरी टीम को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी।

---

# गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों को गणवेश वितरित

- छाती में लगी सुपोषण चौपाल, टीकाकरण व सही खानपान पर दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम छाती स्थित आंगनबाड़ी केंद्र छाती-2 में सेक्टर झिरिया, धमतरी ग्रामीण परियोजना के तहत सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं, बच्चों तथा समुदाय को पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में उपसरपंच रमेश यादव, वार्ड पंच टिकेश्वरी चंद्राकर, सुमित्रा ढीमर, भोजकुमार सहित गर्भवती एवं शिशुवती महिलाएं तथा बच्चे उपस्थित रहे। सुपोषण चौपाल के दौरान गर्भवती महिलाओं के सम्मान और पोषण जागरूकता के उद्देश्य से गर्भवती टिकेश्वरी कंवर एवं खोमिन यादव की पारंपरिक गोदभराई कराई गई। गर्भवती महिलाओं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए योगासन के महत्व पर चर्चा की गई। टीकाकरण, सही खानपान तथा रेडी-टू-ईट पोषण आहार के उपयोग के बारे में पर्यवेक्षक तारकेश्वरी साहू द्वारा जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने आंगनबाड़ी केंद्र से मिलने वाली सेवाओं और सुविधाओं के बारे में अपने अनुभव साझा किए। महिलाओं ने पोषण आहार, स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा से जुड़े प्रयासों की सराहना की। समुदाय की सहभागिता को बढ़ावा देते हुए जन सहयोग से 21 बच्चों को गणवेश का वितरण किया गया। इस आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तामेश्वरी देशलहरे, मीना दिल्ली तथा हीरामती का योगदान रहा।

### भूगोल की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 18 को

**कुरूद।** कुरूद कालेज में भूगोल विभाग द्वारा बीए और बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। यह परीक्षा 18 फरवरी बुधवार को सुबह 10 बजे होगी। इसमें बीए, बीएससी द्वितीय वर्ष केवल गैर-महाविद्यालयीन एवं भूतपूर्व छात्र, बीए बीएससी तृतीय वर्ष के नियमित, गैर-महाविद्यालयीन एवं भूतपूर्व सभी छात्र शामिल होंगे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ के किसानों को मिली राहत

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों के हित में एक अहम और राहत भरा फैसला लेते हुए कुछ कैटेगरी के किसानों के लिए धान खरीदने की डेडलाइन बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य के तीन कैटेगरी के किसानों को धान बेचने के लिए दो दिन 5 और 6 फरवरी दिए गए हैं। इस फैसले से उन किसानों को काफी राहत मिली है। धान खरीदी पर सीएम साय का बड़ा ऐलान, वंचित किसानों को फिर बेचने का मौका मिला है। किसानों को उनकी मेहनत का पूरा राहत मिल है दो दिन में किसानों को कोई परेशानी नहीं होगी।

### तीन दिवसीय सत्संग कौहाकुड़ा में कल से

**महासमुंद।** कबीरपंथी समाज सत्संग समिति द्वारा ग्राम कौहाकुड़ा में तीन दिवसीय वार्षिक सत्संग समारोह का आयोजन 7 फरवरी से 9 फरवरी तक किया गया है। मुख्य वक्ता के रूप में सदगुरु कबीर आश्रम सुहालिया मध्यप्रदेश की साध्वी ज्योति कला साहेब अपनी साध्वी मंडली के साथ पहुंच रही है। उक्त जानकारी देते हुए रोशन, नोहरदास, युवराज व मायाराम साहू ने बताया कि प्रवचन प्रतिदिन सुबह 10 से 1 व 3 से 6 बजे तक होगा।

### ठेठवार समाज की वार्षिक बैठक 8 को

**झलप।** कौड़िया देवरी परिक्षेत्र ठेठवार (यादव) समाज पिथौरा की वार्षिक बैठक व सम्मान समारोह 08 फरवरी रविवार को ग्राम भानपुर (बलौदाबाजार) में आयोजित है। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारम्भ होकर सायं 6 बजे समापन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारिकाधीश यादव विधायक खल्लारी, पूर्व संसदीय सचिव व सभाध्यक्ष तुलाराम यादव, अध्यक्ष कौड़िया देवरी परिक्षेत्र ठेठवार (यादव) समाज पिथौरा रहेंगे। इस कार्यक्रम में कक्षा 10वी ,12वी में 70 प्रतिशत या उससे ऊपर पाये छात्र/छात्राओं का सम्मान किया जाएगा।

---

किसानों के दस्तावेजों में त्रुटि, फिर से कागजात जमा करने की सलाह

# प्रीमियम जमा करने के बाद भी नहीं हुआ फसल बीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

फसल बीमा कराने वाले अधिकांश किसानों के दस्तावेज में त्रुटि बताकर उनका बीमा पेंडिंग रखा गया है। इससे अनजान किसान बेफिक्र हैं। विडंबना यह है कि शासन प्रशासन द्वारा इसकी जानकारी किसानों को नहीं दी गई है। किसानों के पास मैसेज तो जा रहा है, लेकिन वे इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

इस साल जिला प्रशासन की सलाह पर बड़ी संख्या में किसानों ने चने की फसल लगाई है। प्राकृतिक आपदा, मौसम की मार से फसल को सुरक्षा देने के लिए बड़ी संख्या में किसानों ने चने की फसल का बीमा कराया है। जानकारी के अनुसार चना लगाने वाले 12 हजार 178 किसानों से फसल बीमा का प्रीमियम लिया गया है। 11 हजार 59 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फसल बीमा के लिए किसानों ने 65 लाख 92 हजार 2400 रुपए का प्रीमियम जमा किया है। प्रीमियम जमा करने के बाद किसान निश्चिंत होकर अपने काम में व्यस्त हो गए हैं। उधर कृषि बीमा कंपनी ने अधिकांश किसानों द्वारा जमा किए गए डाक्यूमेंट में त्रुटि बताई है। अब किसानों के पास मैसेज भेजा जा रहा है कि वे जल्द से जल्द सही डाक्यूमेंट जमा करा दें।



#### क्या है मैसेज में

प्रिय किसान जी (किसान का नाम), आपकी फसल बीमा पॉलिसी संख्या (पॉलिसी नम्बर) में जमीन के कागज/बैंक के कागज में विसंगति होने के कारण सीएससी-वीएलई को वापस की गई है। आपसे अनुरोध है कि सही कागजात जल्द से जल्द सीएससी-वीएलई को दें, जिससे आपकी पॉलिसी पर कार्यवाही की जा सकें। धन्यवाद, पीएमएफबीवाई। यह मैसेज अधिकांश किसानों के पास कई बार भेजा गया है।

#### अनजान हैं किसान

किसान फसल बीमा का प्रीमियम जमा करने के बाद निश्चिंत हो गए हैं। अब मैसेज पर किसानों का ध्यान नहीं जा रहा है। वहीं कई किसान तो पढ़ना नहीं जानते हैं। ऐसे में वे इस समस्या से अनजान हैं। किसान अजीत कुमार, गोवर्धन साहू, अनुपम साहू ने बताया कि मैसेज आने से उन्हें जानकारी हो गई है कि उनका फसल बीमा नहीं हो पाया है, लेकिन आगे क्या करना है, इसकी जानकारी नहीं है।

#### आई है शिकायत

इस संबंध में कृषि विभाग के अधिकारी केएस ध्रुव ने बताया कि किसानों से इस प्रकार की शिकायत मिल रही है। किसानों ने जिस च्वाइस सेंटर से बीमा की प्रक्रिया है, वहां पर वे मूल दस्तावेज लेकर जाएं और फिर से दस्तावेज जमा करें। दस्तावेज सही होने पर फसल बीमा हो जाएगा।

---

# धमतरी की बेटियों ने दिल्ली में रचा इतिहास

- नीति आयोग की इनोवेशन मैराथन के टॉप-30 में चयन, गणतंत्र दिवस पर बनीं विशिष्ट अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



स्थानीय शिव सिंह वर्मा आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। नीति आयोग नई दिल्ली के अटल इनोवेशन मिशन द्वारा आयोजित स्कूल इनोवेशन मैराथन प्रतियोगिता-2024 में विद्यालय के छात्रों द्वारा तैयार किए गए मॉडल का चयन पूरे भारत के टॉप-30 मॉडलों में हुआ है। इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग डेढ़ लाख इनोवेटिव मॉडलों का सबमिशन किया गया था।

मॉडल तैयार करने वाली छात्राएं बबीता सिन्हा एवं जान्हवी देवांगन, अटल टिंकरिंग लैब प्रभारी डॉ. श्रीमती विजयलक्ष्मी सिंह तथा विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती बी. मैथ्यू को 77वें गणतंत्र दिवस समारोह नई दिल्ली में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।

नीति आयोग अटल इनोवेशन मिशन द्वारा 23 जनवरी 2026 को रायपुर से दिल्ली तक हवाई यात्रा की व्यवस्था की गई। दिल्ली में नीति मार्ग, सेंट्रल दिल्ली स्थित सम्राट होटल में ठहरने की सुविधा प्रदान की गई। यात्रा, आवास एवं भ्रमण सहित संपूर्ण व्यय नीति आयोग द्वारा वहन किया गया। छात्रों के लिए की गई व्यवस्थाएं अत्यंत सराहनीय रहीं, जिससे बच्चों को राष्ट्रीय मंच पर सीखने और देखने का नया अनुभव मिला।

24 जनवरी को दल को प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं राष्ट्रपति भवन का भ्रमण कराया गया, जहां बच्चों ने देश के इतिहास, संविधान और लोकतांत्रिक परंपराओं को नजदीक से जाना।

25 जनवरी को नेशनल साइंस सेंटर दिल्ली का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जहां विज्ञान से जुड़े रोचक प्रयोगों, तकनीकी मॉडल्स और नवाचारों को देखकर छात्रों की वैज्ञानिक जिज्ञासा और भी प्रबल हुई।

26 जनवरी को छात्र-छात्राएं कड़ी सुरक्षा जांच के बाद कर्तव्य पथ पर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। गणतंत्र दिवस परेड में थल, जल और वायुसेना के अद्भुत प्रदर्शन, वायुसेना के हवाई करतब, युद्ध में प्रयुक्त ब्रह्मोस मिसाइल तथा ऑपरेशन सिंदूर की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। सभी राज्यों की सांस्कृतिक झांकियों ने भारत की विविधता को दर्शाया।

कार्यक्रम में महिला कमांडो द्वारा बुलेट पर किया गया साहसिक प्रदर्शन दर्शकों के लिए रोमांच और गर्व का विषय रहा। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे धमतरी जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण है, जो यह सिद्ध करती है कि सरकारी विद्यालयों के छात्र भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा से पहचान बना सकते हैं।

---

# धान खरीदी में लापरवाही पर भड़के पवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में धान खरीदी में लापरवाही, किसानों पर जबरन समर्पण फॉर्म भरवाने और आवास योजना की धीमी प्रगति को लेकर जोरदार बहस देखने को मिली। बैठक में सदस्य प्रकाश पवार ने सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सत्ता में आने से पहले सरकार ने एक-एक बीज धान खरीदी और 3100 रुपये प्रति क्विंटल एकमुश्त भुगतान का वादा किया था, लेकिन अब स्थिति इसके उलट है। उन्होंने आरोप लगाया कि दबाव बनाकर किसानों से कम धान बेचने के लिए समर्पण फॉर्म भरवाए जा रहे हैं, ताकि खरीदी का लक्ष्य कृत्रिम रूप से कम दिखाया जा सके। इससे किसान आर्थिक रूप से परेशान हो रहे हैं। प्रकाश पवार ने खाद की उपलब्धता का मुद्दा भी उठाया और पिछले सीजन में खाद की कमी पर नाराज़गी जताई। उन्होंने मांग की कि आने वाली फसलों के लिए खाद की समय पर और पर्याप्त व्यवस्था की जाए, ताकि किसानों को भटकना न पड़े और खेती सुचारू रूप से हो सके।

---

# शिव ध्वज के नीचे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रतिज्ञा ली

- ब्रम्हाकुमारीज दिव्यधाम में 90 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



ब्रम्हाकुमारीज दिव्यधाम में 90 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा, डॉ मुरारी वासानी, डॉ श्रुति वासानी, सरिता दीदी ने शिव ध्वज फहराया।शिव ध्वज के नीचे सभी ने अपने जीवन में स्व उन्नति के लिए प्रतिज्ञा की। प्राजक्ता बहन ने सभी से प्रतिज्ञा कराई। अतिथियों ने शिव ध्वज फहराने के बाद सहस्त्र शिवलिंग झांकी के दर्शन किये। द्वादश ज्योतिर्लिंग झांकी एवं जलहरी शिवलिंग का अतिथियों ने उद्घाटन किया। शिवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सरिता दीदी ने कहा कि आज विश्व में दुःख अशांति, भ्रष्टाचार ,विकार बढ़ते जा रहे हैं। इनसे मुक्त करने के लिए परमात्मा शिव का अवतरण इस धरा पर सन 1936 में इस साधारण मानव तन में हुआ जिनका नाम प्रजापिता ब्रम्हा रखा। शिवरात्रि पर्व 15 फरवरी को है। आज से 15 फरवरी तक हम 5 नियम व्रत के रूप में अपने जीवन में धारण करेंगे। पहला हम गुस्सा नहीं करेंगे, दूसरा हम नेगेटिव नहीं सोचेंगे, तीसरा सुबह कम से कम 5 बजे जरुर उठेंगे, चौथा अपनी इच्छाओं को कम करेंगे और देना सीखेंगे देने की भावना रखेंगे और पांचवां सुबह उठने के बाद 1 घंटा मोबाइल से दूर रहेंगे, मोबाइल का प्रयोग नहीं करेंगे। महापोर रामू रोहरा ने कहा कि यहां आने से मुझे सकारात्मक उर्जा मिलती है। शिवरात्रि के दिन हम सभी परमात्मा शिव पर अपने अन्दर की बुराई रूपी अख धतूरा चढ़ायेंगे।

डॉ मुरारी और डॉ श्रुति वासानी ने भी अपने विचार रखे। यह झांकी शहरवासियों के दर्शनार्थ 5 से 17 फरवरी तक प्रतिदिन संध्या 5 से 9 बजे तक खुली रहेगी। 18 से 24 फरवरी तक जीवन में सुख एवं शांति के लिए तनाव प्रबंधन के आध्यत्मिक सूत्र विषय पर सात दिवसीय शिविर सुबह एवं शाम को 7 से 8 बजे तक ब्रम्हाकुमारी सेंटर दिव्यधाम में होगा। कार्यक्रम का संचालन बीके प्राजक्ता ने किया।

---

# मेनोनाईट स्कूल में हुआ विदाई समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। यह कार्यक्रम शाला परिवार एवं कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा अपने सीनियर्स के सम्मान में आयोजित किया गया। इस समारोह में कक्षा 11 वीं के छात्रों द्वारा नृत्य, संगीत मनोरंजक खेल एवं भाषण प्रस्तुत किया गया। कक्षा 12 वीं के छात्रों ने विद्यालय के शिक्षकों एवं अपने जूनियर्स के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने यहां ज्ञान के साथ-साथ महत्वपूर्ण जीवन मूल्य भी सीखा है। विद्यालय प्रबंधन समिति के मैनेजर एमके मसीह ने छात्रों को अपने माता-पिता और गुरुजनों द्वारा प्राप्त शिक्षा एवं संस्कारों को सदैव स्मरण रखने की सीख दी। शाला की प्राचार्या श्रीमती अनुपमा सिंह ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण और जीवन में अनुशासन सहित शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए भविष्य में भी उनके मार्गदर्शन करते रहने की इच्छा जाहिर की।

---

# पंजीकृत श्रमिकों के श्रमकार्ड की ई-केवाईसी अनिवार्य

- एक सप्ताह में कराना होगा सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा असंगठित कर्मकार राज्य सा मा जि क सुरक्षा मंडल अंतर्गत जिले में पंजीकृत ऐसे श्रमिक, जिनके आधार कार्ड एवं अन्य विवरणों का मिलान नहीं हो पा रहा है, उनके श्रम कार्ड का तत्काल ई-केवाईसी कराना अनिवार्य किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ई-केवाईसी नहीं होने की स्थिति में श्रमिकों का पंजीयन प्रभावित हो सकता है, जिससे वे विभागीय एवं मंडल द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए श्रमिकों की ई-केवाईसी हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

श्रमिकों की पंचायतवार एवं वार्डवार सूची सॉफ्ट कॉपी के माध्यम से ई-मेल द्वारा संबंधित पंचायतों एवं निकायों को प्रेषित की जा रही है। इसके साथ ही संबंधित सचिवों, सरपंचों एवं पार्षदों से अपील की गई है कि वे अपने क्षेत्र के संबंधित हितग्राहियों को समय पर सूचना देकर ई-केवाईसी कराने हेतु प्रेरित करें। संबंधित श्रमिक अपने श्रम कार्ड एवं आधार कार्ड के साथ नजदीकी श्रम संसाधन केंद्र जनपद पंचायत कुरूद, धमतरी, नगरी एवं मगरलोड एवं श्रम पदाधिकारी कार्यालय धमतरी के कक्ष क्रमांक 68 एवं 72 में ई-केवाईसी करा सकते हैं। वैकल्पिक रूप से विशेष माध्यम से भी एक सप्ताह के भीतर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए जा सकते हैं। निर्धारित समय-सीमा में ई-केवाईसी नहीं कराने पर श्रमिक भविष्य में मंडल द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते हैं, इसलिए सभी संबंधित श्रमिक समय रहते प्रक्रिया पूर्ण कर लें।

---

## विष्णुदेव सरकार किसान हितैषी : राजेश



**धमतरी।** किसान नेता राजेश साहू ने 31 जनवरी के बाद छत्तीसगढ़ में धान खरीदी की तिथि बढ़ाए जाने पर साय सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किसान हितैषी सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए रिकॉर्ड मात्रा में धान खरीदी कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उपलब्धि में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, छत्तीसगढ़ कृषि मंत्री रामविचार नेताम एवं प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष आलोक ठाकुर की भूमिका सराहनीय रही। राजेश साहू ने कहा कि धमतरी जिला धान खरीदी में अग्रणी रहा है, जो सरकार की पारदर्शी और संवेदनशील किसान नीति को दर्शाता है।

## खेलकूद जीवन का अभिन्न अंग : डॉ. जायसवाल

**आमदी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशन व क्रीड़ा प्रभारी अंकित बोधवानी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य के मार्गदर्शन एवं तरूण बैनर्जी सहायक प्राध्यापक भूगोल, डीगेश्वर अटल सहायक प्राध्यापक भूगोल व अतिथि सहायक प्राध्यापकों के सहयोग से 28 से 30 जनवरी तक वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि खेलकूद न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है बल्कि एकाग्रता बढ़ाकर आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं।

---

# संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम मड़ाईभाठा निवासी व संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता सहदेव राम ठाकुर के निधन पर आयोजित शोक कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, जितेंद्र यदु जिला सह संघचालक, मंडल अध्यक्ष अमन राव, राहुल चोपड़ा, प्रवीण साहू, डोमनलाल सेन, गणपत यदु, मुकेश साहू, कमलेश यदु, नंदराम ध्रुव, अवध राम, ज्ञानेन्द्र ध्रुव उपस्थित थे। अतिथियों ने स्व. ठाकुर के सामाजिक एवं राष्ट्रसेवा के योगदान को स्मरण करते हुए उनके परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

### बिरगुड़ी में मड़ई 7 को

**नगरी।** ग्राम बिरगुड़ी में ग्रामवासियों के सहयोग से 7 फरवरी शनिवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन हेतु भूपेश प्रकाश साल्हेटोला चारामा की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्राम समिति के संरक्षक रामकुमार सरोज, दीपेश नाग ने दी।

### डाइट नगरी में हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**नगरी।** शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नगरी में माध्यमिक शाला के प्रधानपाठकों का डीएलएड प्रथम वर्ष के शाला अवलोकन के संदर्भ में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य पी राय के निर्देशन में किया गया। शाला अवलोकन के उद्देश्य के संबंध में पीएसटीई प्रभारी डीके साहू ने विस्तार से चर्चा की। प्राचार्य पी. राय ने छात्राध्यापकों के लिए सामान्य निर्देश पर बात की।







